# एकाग्र हो पढ़ाई करने से अमोघ बने स्टेट टापर

रोजी सिन्हा • जागरण

गुरुग्राम: नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से जारी ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन मेन सेशन-2 के परिणाम में जिले के अमोघ बंसल ने स्टेट टाप किया है। अमोघ ने 99.999 पर्सेंटाइल प्राप्त कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। अमोघ की इस उपलब्धि पर उनके स्वजन बहुत खुश हैं।

दैनिक जागरण से बातचीत में अमोघ ने बताया कि परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है। वह सुबह जल्दी उठकर एकाग्र होकर पढ़ाई करते थे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले ज्यादातर विद्यार्थी कुछ-कुछ समय का गैप लेकर पढ़ाई करते हैं, परंतु वह लगातार पढ़ाई करते हैं। दोपहर तक पढ़ाई के बाद वह कुछ समय परिवार के साथ बिताते थे। अब उनकी मेहनत रंग लाई है और इससे घर में खुशी का माहौल है।




जेईई मेन में हरियाणा में टाप करने वाले गुरुग्राम सेक्टर-81 के छात्र अमोघ बंसल अपने पिता सचिन बंसल, मां चारु, भाई अमय बंसल के साथ खुशी की मुद्रा में • जागरण

**सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं:** अमोघ : सेक्टर-81 के अमोघ ने बताया कि वह बचपन से ही सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने पूरी मेहनत की है। अब मेन में अच्छा परिणाम आने से ही उनकी आगे की राह आसान हो गई है। अमोघ का मानना है कि हर इंसान को सपने देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए कोशिश जरूर करनी चाहिए।

**इंटरनेट मीडिया से बना ली थी दूरी :** अमोघ ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने इंटरनेट मीडिया से पूरी तरह से दूरी बना ली थी। इंटरनेट मीडिया पर कई तरह का कंटेंट प्रसारित होते हैं। कुछ कंटेंट मन को भा जाता है और उसको बार-बार देखने की इच्छा होती है। यह हमारे मन को भटकाता है। ऐसे में मैंने इंटरनेट मीडिया से पूरी तरह से दूरी बना ली थी। इंटरनेट मीडिया से दूरी बनाने का उनको लाभ भी मिला।


**अभिभावकों का मिला पूरा सहयोग :** अमोघ की सफलता पर उनके स्वजन बहुत खुश हैं। अमोघ के पिता बैंक में एक प्रतिष्ठित पद पर हैं और मां प्रोफेसर हैं। अमोघ ने बताया कि उनके माता- पिता बहुत सपोर्टिव हैं। उन्होंने हर कदम पर उनका मनोबल बढ़ाया। अमोघ सेक्टर- 45 स्थित डीपीएस स्कूल के छात्र हैं। दसवीं कक्षा में बेहतर प्रदर्शन के कारण उन्हें 100 प्रतिशत की स्कालरशिप मिली थी। अमोघ की इस सफलता पर स्कूल की प्रिंसिपल अदिति मिश्रा ने उन्हें बधाई दी है।

# जेईई मेन में मेधावियों ने किया बेहतर प्रदर्शन


अमोघ बंसल


आदित्या


दिव्य रस्तोगी


हिमांशु


वशिका


प्रियांशु

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से शुक्रवार देर रात को ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन मेन सेशन- 2 का परिणाम जारी कर दिया गया है। परिणाम में साइबर सिटी के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सेक्टर- 81 के अमोघ बंसल ने 99.999 पर्सेंटाइल प्राप्त कर पूरे राज्य में टाप किया है। अमोघ के साथ-साथ आदित्य कुमार, दिव्य रस्तोगी और आयुष ने भी आल इंडिया रैंकिंग प्राप्त की है। इसके अलावा राजकीय स्कूल के भी कुछ विद्यार्थियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है।

एनटीए द्वारा इस वर्ष सेशन-1 की परीक्षा जनवरी माह में ली गई वहीं सेशन-2 की परीक्षा का आयोजन अप्रैल में किया गया। परिणाम से पहले एनटीए ने 18 अप्रैल को फाइनल आंसर-की जारी की थी। दो सवालों को हटाने का फैसला लिया गया, और एनटीए के नियमों के अनुसार इन सवालों के लिए सभी उम्मीदवारों को पूरे अंक दिए जाएंगे। इससे पहले 17 अप्रैल को जारी आंसर-की को कुछ घंटों बाद हटा लिया गया था, जिससे छात्रों में असमंजस की स्थिति बनी थी।

**इन विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन :** अमोघ बंसल के अलावा दिव्य ने भी जेईई मेन की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। दिव्य रस्तोगी की आल इंडिया रैंकिंग 28 है। दिव्य ने बताया कि वह पूरे मन लगाकर पढ़ाई करते हैं। दिव्य का मानना है कि एकाग्र होकर पढ़ने से सभी लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। शहर के आदित्य और आयुष ने भी जेईई मेन की परीक्षा में अच्छी रैंकिंग ली है। आदित्य ने एआइआर 79 और आयुष ने एआइआर 133 प्राप्त की है। दोनों बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर अभिभावक बेहद खुश हैं। इसके अलावा राजकीय स्कूल के बच्चों ने भी जेईई मेन परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किया है।

## पटौदी के भी विद्यार्थी रहे आगे, कामयाबी पर जताया हर्ष

बिलासपुर कला स्थित एमबीएलएम स्कूल के सात विद्यार्थियों ने भी परिणाम मे उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के चेयरमैन ऋषिराज चौधरी के नाम अनुसार विद्यालय की भोड़ा खुर्द की छात्रा वशिका ने 99 .29 पर्सेंटाइल, पचगांव की हिमांशु ने 98 .29 पर्सेंटाइल, मानेसर के प्रियांशु ने 94 पर्सेंटाइल प्राप्त किए है। इसके अलावा तुर्कापुर की प्रिया ने 87 .24 पर्सेंटाइल, तावडू के यमन ने 87 पर्सेंटाइल, मानेसर के प्रियांशु ने 85 .4 पर्सेंटाइल तथा लागड़ा की अंजलि ने फिलहाल 84 पर्सेंटाइल प्राप्त किए है।